छत्तीसगढ़ क्वांटीफिएबिल डाटा आयोग

चर्चा में क्यों?

1 सितंबर, 2021 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने **राज्य की जनसंख्या में अन्य पिछड़ा वर्ग तथा आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों की गणना हेतु छत्तीसगढ़ क्वांटीफिएबिल डाटा आयोग का मोबाइल ऐप और पोर्टल लॉन्च किया** और इस ऐप के माध्यम से गणना हेतु सर्वे का कार्य का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने राज्य की जनसंख्या में अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों की गणना के लिये **छत्तीसगढ़ क्वांटीफिएबिल डाटा आयोग** का गठन किया है। इसका कार्यालय राजधानी रायपुर के पीडब्ल्यूडी चौक, सागौन बंगला परिसर कटोरा तालाब में प्रारंभ हो चुका है।
- **'सीजीक्यूडीसी'** नाम से इस मोबाइल ऐप को चिप्स द्वारा तैयार किया गया है।
- छत्तीसगढ़ क्वांटीफिएबिल डाटा आयोग के सचिव बी.सी. साहू ने बताया कि मोबाइल ऐप को इंस्टाल करने के बाद ऐप में आवेदक को पंजीयन करना होगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chhattisgarh-quantifiable-data-commission